Setting up of Working Women Hostels

894. SHRI M. RAM GOPAL REDDY: Will the Minister of SOCIAL WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up working women hostels in different parts of the country; and

(b) If So, the details in this regards?

THE MINISTER OF EDUCATION AND HEALTH AND SOCIAL WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) (a): Government is already operating a scheme of Working Women's Hostels.

(b) The details of the Scheme are contained in the booklet "Working Women's Hostel Scheme", copies of which have been placed in the Parliament Library.

सूरतगढ़ फार्म

895. **श्री मनफूल सिंह चौधरी** : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सूरतगढ़ यंत्रीकृत फार्म का क्षेत्रफल कितना है तथा फार्म के कितने क्षेत्र में सड़कें हैं;

(ख) प्रति वर्ष कितनी भूमि बंजर रहती है; और

(ग) सूरतगढ़ यंत्रीकृत फार्म की गत तीन वर्षों की लाभ अथवा हानि का विवरण क्या है?

कृषि तथा ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह राव) : (क) सूरतगढ़ फार्म के अधिकार में कुल 11,131 हैक्टार क्षेत्र है, जिसमें से 447 हैक्टार क्षेत्र में सड़कें हैं।

(ख) कोई नहीं।

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान सूरतगढ़ यंत्रीकृत फार्म का लाभ नीचे दिया गया है:—

1976-77	(+) 3.85 लाख रुपए
1977-78	(+) 21.18 लाख रुपए
1978-79	(+) 73.14 लाख रुपए

सूरत गढ़ फार्म के लिए मशीनें

896. **श्री मनफूल सिंह चौधरी**: क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सूरतगढ़ के मशीनीकृत फार्म को हाल ही में सोवियत रूस से उपहार के रूप में कुछ मशीनें प्राप्त हुई हैं;

(ख) इन मशीनों की अनुमानित लागत और उपयोगिता क्या है;

(ग) क्या इनमें से कुछ मशीनें चालू हालत में नहीं हैं; यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इनमें से कुछ मशीनें सूरतगढ़ से अन्य स्थानों को भेजी गई हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और उसके क्या कारण हैं ?

कृषि तथा ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्री (श्री बीरेन्द्र सिंह राव) : (क) जी, हां।

(ख) बम्बई में इन मशीनों की बीमा भाड़ा सहित लागत 59 लाख रुपये आयी। ये सभी मशीनें विभिन्न कृषि कार्यों के लिए उपयोग में लाई जाएंगी।

(ग) जी, नहीं।

(घ) तथा (ङ) जी, हां, । उपहार स्वरूप प्राप्त हुई कुछ मशीनें कुछ फार्मों में अस्थाई रूप से प्रयोग में लाई जा रही हैं, ताकि अन्य एजेंसियों से इस प्रकार की मशीनों के किराये सम्बन्धी अतिरिक्त व्यय से बचने के साथ-साथ इन फार्मों में कृषि संबंधी कार्य

समय पर पूरे किये जा सकें। ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

क्रम सं0	मशीनरी का विवरण	प्राप्त की गई मशीनों की संख्या	जैतसर (राजस्थान)	हिसार (हरियाणा)	लाधोवाल (पंजाब)	रायचूर (कर्नाटक)
1	एम० टी० जेड ट्रैक्टर 80 .	25	5	—	—	6
2	ग्रेन हारवेस्टर एन०आई०वी०ए० कम्बाईन . .	15	2	—	4	—
3	फर्टिलाइजर सौवर .	20	3	2	2	—
4	ट्रक	5	1	1	—	—
5	बीज पृथक करने वाली मशीन	5	1	1	1	-

दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की संख्या

897. **श्री छीतूभाई गामित :**
श्री अर्जुन सेठी :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में ऐसे प्राइवेट स्कूलों की संख्या कितनी है जिन्हें कम वित्तीय सहायता अथवा जिन्हें कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई; और

(ख) इन स्कूलों के लिए पाठ्यपुस्तकों और पाठ्यचर्या का अनुमोदन कौन-सा प्राधिकरण करता है?

शिक्षा तथा स्वास्थ्य और समाज कल्याण मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) वित्तीय सहायता दिल्ली स्कूल शिक्षा नियम 1973 के उपबन्धों के अनुसरण में दी जाती है। इसमें आवर्ती रख-रखाव का 95 प्रतिशत खर्चा और उपस्कर फर्नीचर आदि के कुल खर्च का दो तिहाई खर्च शामिल होता है। इस सहायता को मामूली नहीं बताया जा सकता।

दिल्ली के सहायता प्राप्त करने वाले मान्यता प्राप्त प्राईवेट स्कूलों की संख्या निम्नलिखित है :

सीनियर माध्यमिक स्कूल	माध्यमिक स्कूल	मिडिल स्कूल	कुल
39	25	49	113

(ख) सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों में पाठ्य-पुस्तकों तथा पाठ्यचर्या कक्षा 1 से 8वीं तक शिक्षा निदेशालय द्वारा तथा कक्षा 1 से 12वीं तक केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित की जाती है।

Poultry, piggery and dairies in rural areas

898. SHRI R. P. YADAV: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government are considering plans to develop poultry farms,